हरिभूमि
रत्न भूमि
रायपुर, सोमवार 23 जून 2025

13 ग्राम सिर्रीखुर्द में कर्मा जयंती और भव्य महारती ...



14 प्राथमिक शाला भेंडरी में अंतरराष्ट्रीय योग दिवस...






# फायर सेफ्टी प्रशिक्षण के द्वारा युवको के लिए रोजगार का सुनहरा अवसर...

भिलाई। संस्था फायर एवं सेफ्टी प्रशिक्षण केंद्र निजी संस्थान भिलाई में रोजगार मुखी प्रशिक्षण हेतु भर्ती योग्यता 10वीं 12वीं एवं स्नातक एवं स्नाकोत्तर किसी भी संकाय आयु 17 से 40 वर्ष फायर एवं औद्योगिक सुरक्षा डिग्री डिप्लोमा कार्यरत कमर्चारी पार्ट टाइम फुल टाइम प्रशिक्षण कर सकते हैं, मान्यता प्राप्त प्रशिक्षण संस्थान एवं रोजगार विकास हेतु पंजीकृत FSDMI BHILAI मान्यता प्राप्त संस्था द्वारा विशेष प्रशिक्षण अग्निशमन एवं औद्योगिक सुरक्षा प्रबंध पाठ्यक्रम संचालित किया जा रहा है प्रशिक्षण कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य छात्र-छात्राओं को रोजगार उपलब्धता है, फायर एवं औद्योगिक सुरक्षा की नियुक्ति फायर स्टेशन, कारखाने, खदानों, माइनिंग, पावर प्लांट, कागो हब फैक्ट्री कारखाने सरकारी एजेंसी, इंश्योरेंस कंपनी एवं अन्य जगहों में फायर अधिकारी, ट्रेनर, फायरमैन, औद्योगिक सुरक्षा निरीक्षक, सेफ्टी मैनेजर, फायर सुपरवाइजर, टीम लीडर जैसे अन्य पदों हेतु अवसर मिलते हैं तथा भविष्य में पदोन्नति की भरपूर संभावनाएं होती है साथ ही फायर एवं सेफ्टी ऑफिसर स्वयं रोजगार के लिए समर्थ होते हैं अनुमानित जानकारी के अनुसार छत्तीसगढ़ राज्य में बने नए जिलों में अनुमानित लगभग 2000 पद फायरमैन एवं अग्निशमन वाहन चालक की भर्तियां आने की




संभावना है, संस्था से प्रशिक्षण प्राप्त कर छात्र-छात्राएं विभिन्न कंपनियों जैसे रक्षा मंत्रालय भारत सरकार (DRDO), भिलाई स्टील प्लांट, रेल मंत्रालय ब्रेथवेट कंपनी लिमिटेड, पावर प्लांट, सीमेंट प्लांट, स्टील प्लांट, एवं अन्य कंपनियों में ठेकेदारी बेस से कार्यरत कर रहे हैं संस्था FSDMI भिलाई में चल रहे 6 माह, 1 वर्षीय, फायर एवं सेफ्टी प्रशिक्षण की जानकारी सूचना केंद्र में बताई जाएगी, संस्था द्वारा उपलब्ध सुविधाएं प्रशिक्षण के दौरान आत्मनिर्भरता के लिए सुविधा अनुसार पार्ट-टाइम, फुल-टाइम नौकरी दिलवाने में सहायता की जाती है जिससे छात्र-छात्राएं अपनी प्रशिक्षण की शुल्क एवं रहने और खाने क्या खर्च स्वयं से निकाल सकते हैं, प्रशिक्षण प्राप्त उम्मीदवारों एवं सफल अभ्यर्थियों को सरकारी प्रमाण पत्र प्रदान किया जाएगा प्रशिक्षण उपरांत छात्रों को निजी कंपनियों में नौकरी लगने में सहायता की जाती है, सभी जाति वर्ग के (SC, ST, OBC, GENERAL) छात्र-छात्राओं संस्था के द्वारा प्रशिक्षण शुल्क में विशेष छूट दी जाएगी। **अधिक जानकारी के लिए संपर्क करें: मो. 7697212782 पता: फायर सेफ्टी डिजास्टर मैनेजमेंट इंस्टीट्यूट, (निजी संस्थान) इंदिरा गांधी इंग्लिश मीडियम स्कूल, नजदीक - गदा चौक, सुपेला भिलाई, दुर्ग (छ.ग.)** Advt.





विरोध : फड़ मुंशी महासंघ की बैठक में सरकार के खिलाफ संघर्ष ऐलान

# तेंदूपत्ता फड़ मुंशी महासंघ संघर्ष के लिए तैयार रहे, बिना संघर्ष के कुछ नहीं मिलेगा: रमेश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मैनपुर/गरियाबंद

बिना संघर्ष के ना किसी को आज तक मिला है और न मिलेगा इसके लिए हमें संघर्ष करना पड़ेगा तब जाकर इस सरकार को कुछ समझ में आएगी तेंदूपत्ता फ़ड मुंशी संघ में एससी ओबीसी समाज के लोग ही कार्यरत है मात्र वार्षिक 7200 रु में काम कर रहे हैं आज मजदूरी करने वाले को भी 200रु. से लेकर 500 रु.तक मजदूरी मिल रहा है लेकिन फ़ड मुंशीयों को 7200रु. देकर इतीश्री किया जा रहा है। ऐसी स्थिति में हमें संघर्ष के लिए तैयार रहना चाहिए उक्त बातें फ़ड़ मुंशी महासंघ गरियाबंद के तत्वाधान में धमतरी बालोद गरियाबंद महासमुंद जिला के प्रमुख पदाधिकारी की बैठक विश्रामगृह में आयोजित की गई कार्यक्रम में संगठन के प्रदेश संयोजक रमेश यदु ने मुख्य अतिथि के आसंदी से कहीं।

- 7200 रुपए वार्षिक मानदेय पर काम कर रहे फड़ मुंशी, वन विभाग की उपेक्षा से नाराज़



उन्होंने यह कहा कि वन मंत्री का कहना है कि हम कार्यकाल के अंतिम समय में देने का प्रयास करेंगे जबकि विगत विधानसभा सत्र के दौरान वन मंत्री केदार कश्यप ने कहा था की पादुका वितरण के पहले हम आपको भुगतान कर देंगे लेकिन दुर्भाग्य है पादुका वितरण शुरू हो गया लेकिन इन्हें राशि नहीं मिली इससे ▶▶| शेष पेज 12 पर

### एक स्वर में करें संघर्ष का शंखनाद: गोपाल सिंह

प्रदेश अध्यक्ष गोपाल सिंह ने कहा कि हम संपूर्ण संगठन के लोग लगभग 23000 रु मुंशी संघर्ष करने के लिए तैयार हैं और हमें आज सही है तैयारी शुरू करना है संघर्ष ही जीवन है के नारे को लेकर आगे चलना होगा। सभा को बालोद धमतरी महासमुंद गरियाबंद जिला के जिला अध्यक्षों ने भी संबोधित किया सभी लोगों ने एक स्वर से संघर्ष का शंखनाद करने की बात की। इसके पूर्व भारत माता एवं छत्तीसगढ़ महतारी के तेल चित्र पर पूजा अर्चना कर कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि द्वारा किया गया तत्पश्चात सभी अतिथियों का स्वागत किया गया मुख्य अतिथि को शाल श्रीफल पुष्पमाला तथा चंदन का भेंट कर सम्मानित किया गया।

### ये रहे उपस्थित

इस अवसर पर गरियाबंद जिला अध्यक्ष वासुदेव साहू, महासमुंद जिला अध्यक्ष गणेश राम ध्रुव, बालोद जिला अध्यक्ष टिकेश्वर धनकर, धमतरी जिला अध्यक्ष विनोद मरकाम, देवभोग परिक्षेत्र से नवल किशोर यादव, वासुदेव साहू, सनत कुमार ध्रुव, सोमनाथ सोनवानी, ईश्वर यादव, गोपाल सिंह, टीकाराम सेन, खेमराज यादव, सहिक सैकड़ों की संख्या में पदाधिकारी उपस्थित रहे।

# नवापारा-राजिम में प्रधानमंत्री आवास निर्माण में मजदूर-राजमिस्त्री की भारी कमी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नवापारा-राजिम

प्रधानमंत्री आवास के लिए हजारो की संख्या में शहर सहित गांवो में स्वीकृति मिली है जिसके कारण राजमिस्त्री और मजदूर ढूंढने से भी नही मिल रहे है। नवापारा शहर में ही 131 आवास की स्वीकृति मिली है। जबकि ग्रामीण इलाको में कई हजारो की संख्या में स्वीकृति मिलने के बाद मकान बन रहे है।

- आवास स्वीकृति से मकान निर्माण में तेजी, मजदूरों की कमी बनी बड़ी बाधा
- निर्माण सामग्री की कीमतों में वृद्धि और कृषि कार्यों का असर

कई ऐसे जगह है जहां न तो मजदूर मिल रहा है और न ही मिस्त्री। ईधर दिनबदिन सीमेंट, रेत, छड़, ईटा का भाव लगातार बढ़ते चले जा रहा है। बता दें कि लंबे समय बाद इतनी बड़ी संख्या में प्रधानमंत्री आवास की स्वीकृति से ग्रामीण एवं शहरी अंचल में लोग मकान निर्माण में व्यस्त ▶▶| शेष पेज 12 पर



### छड़ एवं सीमेंट की बढ़ी बिक्री

प्रधानमंत्री आवास योजना के अंतर्गत सैकड़ों मकान के निर्माण का फायदा भवन निर्माण से संबंधित दुकानदारों को हुआ है। छड़ एवं सीमेंट की बिक्री बढ़ी है। माह मई एवं जून में रेत, गिट्टी, ईट की बिक्री में इजाफा रहा। बरसात को देखते हुए लोगों ने रेत एवं ईट का स्टॉक कर लिया है। हार्डवेयर दुकान के संचालकों से प्राप्त जानकारी के अनुसार सीमेंट के दाम 260 रुपए से 310 रुपए प्रति बोरी तक है। वही छड़ की कीमत 5200 से 5600 रूपए प्रति क्विंटल चल रही है। आगामी दिनों में पत्थर, टाइल्स, ग्रेनाइट एवं सेनेटरी की बिक्री बढ़ने की संभावना है।

## खबर संक्षेप

### भसेरा स्कूल में योग दिवस कार्यक्रम सम्पन्न



**फिंगेश्वर।** शासकीय उच्चत्तर माध्यमिक शाला भसेरा में योग दिवस कार्यक्रम मनाया गया। इस अवसर पर संस्था के प्राचार्य पीआर नेताम ने कहा कि योग शरीर को स्वस्थ रखने का सशक्त माध्यम है। सभी लोगों को अपने जीवन शैली में योग को शामिल करने की बाते कही।डी. एल देवांगन व्याख्याता ने कहा कि करो योग रहो निरोग। नियमित रूप से योग करने से मन मस्तिष्क स्वस्थ रहने के साथ साथ नकारात्मक विचार दूर होता है। इस मौके पर संस्था के प्राचार्य पीआर नेताम, व्याख्याता, घनश्याम साहू, डी एल देवांगन, बालकरण गायकवाड़, अलका धुरव, भोला माण्डेय, रीतू कंवर, अर्जुन नेताम, हीरालाल सिन्हा, शाला विकास समिति के सदय मुकेश साहू, पालक गण उपिस्थत थे।

### ग्रामीण को सांप ने डंसा, मैनपुर अस्पताल में इलाज जारी



**मैनपुर।** जिले के दूरस्थ वनांचल पहाड़ी के उपर बसे आमामोरा निवास सुकलाल भूंजिया को एक जहरीले सर्प ने काट दिया समय पर ग्रामीण को सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र मैनपुर लाया गया जहां उनका ईलाज किया जा रहा है वहीं दूसरी ओर वन परिक्षेत्र अधिकारी अमर सिंह ठाकुर तत्काल पहुंचकर पीड़ित का हालचाल जाना और तत्कालिक सहायता के रूप मे उन्हे 500 रूपये उपलब्ध करायी गई । ज्ञात हो कि बारिश के दिनो मे क्षेत्र मे सर्पदंश की घटना बढ़ जाती है समय पर अस्पताल लाने से ईलाज से ठीक हो जाते है।

### भाजपा मंडल फिंगेश्वर की बैठक आज

**फिंगेश्वर।** भारतीय जनता पार्टी मंडल फिंगेश्वर के द्वारा 23 जून को आज दोपहर 3 बजे विश्राम गृह फिंगेश्वर मे भाजपा के पुरोधा डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी जी की पुण्यतिथि मनाया जायेगा। इस कार्यक्रम को लेकर भाजपा मंडल अध्यक्ष मंजूलता हरित ने भाजपा कार्यकर्ताओं को उक्त बैठक मे शामिल होने की अपील की है। उन्होंने कहा कि भाजपा मंडल फिंगेश्वर के कार्यकर्ता एवं नवीन पदाधिकारियों का परिचयात्मक बैठक का आयोजन किया जा रहा है जिसमें सभी कार्यकर्ता पदाधिकारी, वरिष्ठ नेतागण, जनपद सदस्य, सरपंच, पंच, पार्षद,महिला मोर्चा, युवा मोर्चा, किसान मोर्चा, बूथ अध्यक्ष एवं देवतुल्य जनता से निवेदन है कि कार्यक्रम में अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर कार्यक्रम को सफल बनायेंगे।

# राजिम में ज्वेलरी दुकान से सोने की चेन लेकर फरार हुआ युवक

**राजिम।** राजिम से एक बड़ी खबर सामने आ रही है। यहां मेन रोड में ओम ज्वेलरी की दुकान है जहां एक अज्ञात युवक शनिवार दोपहर खरीददारी करने पहुंचा। उसने सोने की चैन दिखाने कहा। ज्वेलर्स उस समय दुकान में अकेला था। उन्होने शो केश से चैन निकालकर उन्हें दिखाया। युवक ने चैन पसंद नही है कहा तब वह दूसरा चैन निकालने के लिए जैसे ही मुड़ा वैसे ही वह अज्ञात युवक जिस चैन को उन्हें दिखाया गया था उसे लेकर पल्ला भागते हुए अपनी बाइक में बैठकर गाड़ी स्टार्ट किया और फरार हो गया।



दुकानदार दुकान से नीचे उतरकर उन्हें पकड़ने को दौड़ा तब तक वह दूर जा चुका था। आवाज लगाया गया आसपास के लोग देखते रह गए। जानकारी के मुताबिक वह अज्ञात युवक पहले से ही अपने बाइक में चाबी लगाकर रखा हुआ था। दुकान से उतरते ही उन्होने तेजी के साथ गाड़ी चालू किया और भग गया। इस युवक जिन्होने चैन को लेकर फरार हुआ है उसकी तस्वीर सीसी टीवी में कै द हो गई है जो बहुत तेजी के साथ सोशल मीडिया में वायरल हो रही है। ज्वेलर्स इस अप्रत्याशित घटना की शिकायत पुलिस थाना पहुंचकर दर्ज कराई है। पुलिस आरोपी की तलाश में जुट गई है। अपने आपमें यह अलग तरह की घटना है। इससे ज्वेलरी मार्केट में असुरक्षा की भावना बढ़ गई है। लगता है ज्वेलर्स को अब दुकान के बाहर एक गार्ड भी रखना पड़ जाएगा।

# राशन वितरण केंद्र में तकनीकी बाधा से हंगामा



हरिभूमि न्यूज ▶▶| गरियाबंद

जिले के शासकीय उचित मूल्य की राशन दुकान में रविवार को तकनीकी समस्याओं के चलते भारी अव्यवस्था देखने को मिली। सुबह से ही बड़ी संख्या में हितग्राही राशन लेने के लिए दुकान के बाहर लाइन में लगे थे, लेकिन ई-पॉस मशीन में ओटीपी सत्यापन की तकनीकी दिक्कत के चलते वितरण कार्य शुरू नहीं हो सका। भीड़ के बढ़ते दबाव और आक्रोश के कारण दुकान का शटर तक नहीं खोला गया। स्थिति को देखते हुए पुलिस मौके पर पहुंची और लोगों को समझाइश दी, तब जाकर दुकान खोली जा सकी और राशन वितरण की प्रक्रिया शुरू हुई। लेकिन तकनीकी बाधा इतनी गंभीर थी कि दिनभर में मात्र 20 से 22 उपभोक्ताओं को ही राशन दिया जा सका। दुकान में पदस्थ सेल्समेन रमेश निर्मलकर ने बताया कि प्रत्येक हितग्राही के लिए 6 से 9 बार तक ओटीपी दर्ज करने की जरूरत पड़ रही है, ▶▶| शेष पेज 12 पर

# फुटकर व्यापारियों की भूख हड़ताल चौथे दिन भी जारी, लॉटरी में भेदभाव और उपेक्षा का आरोप

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गरियाबंद

नगर पालिका द्वारा शुक्रवार बाजार में किए जा रहे फुटकर व्यापारियों के व्यवस्थापन और स्थान आबंटन को लेकर गरियाबंद के व्यापारियों में आक्रोश है। विरोध स्वरूप शनिवार से गांधी मैदान में अनिश्चितकालीन भूख हड़ताल जारी है, जिसमें 9 व्यापारी जिनमें 5 महिलाएं शामिल हैं लगातार भूखे बैठे हैं। आंदोलनकारी पालिका पर लॉटरी में भेदभाव और पारंपरिक व्यापारियों की उपेक्षा का आरोप लगा रहे हैं।

- बारिश में भी डटे रहे व्यापारी, महिलाएं व छोटे बच्चों के साथ बिगड़ी तबीयत के बाद भी आंदोलन जारी

शुक्रवार बाजार में वर्षों से मनिहारी, चूड़ी, कपड़ा जैसे सामान बेचने वाले 50 से अधिक फुटकर व्यापारी व्यवस्थापन प्रक्रिया से नाराज़ हैं। उनका कहना है कि नगर पालिका ने निर्माण अधूरा रहते कुछ खास व्यापारियों को ही स्थल आबंटित कर दिया, जबकि पारंपरिक व्यापारियों को नजरअंदाज कर दिया गया। भूख हड़ताल में शामिल टिकेश्वरी योगी, निहाल ▶▶| शेष पेज 12 पर




### व्यापारियों की प्रमुख मांगे

लॉटरी आबंटन की प्रक्रिया को निरस्त किया जाए
पारंपरिक बैठक व्यवस्था को यथावत रखा जाए
केवल पूर्ण निर्माण वाले क्षेत्र में ही आबंटन हो
रिक्त स्थानों को जरूरतमंद पुराने व्यापारियों को प्राथमिकता दी जाए
लॉटरी में हुए भेदभाव की जांच हो

### प्रदर्शन को जनप्रतिनिधियों का भी समर्थन

प्रदर्शनकारी व्यापारियों के समर्थन में पार्षद छगन यादव, पुना राम, निरंजन प्रधान और पार्वती ध्रुव भी पहुंचे। उन्होंने मांगों को जायज बताते हुए प्रशासन से तत्काल हस्तक्षेप की अपील की।

न ठेकेदार दिखते हैं न अफसर, सूचना बोर्ड तक नहीं लगाया : ग्रामीण

# मैनपुर में पुल निर्माण कार्य की धीमी गति पर भड़के विधायक जनक ध्रुव

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मैनपुर

मैनपुर विकासखंड क्षेत्र के देहारगुड़ा खामभाठा मार्ग मे पैरी नदी पर करोड़ो रूपए की लागत से सेतु निगम द्वारा पुल निर्माण कार्य बेहद धीमी गति से किया जा रहा है इस पुल निर्माण कार्य का आज बिन्द्रानवागढ़ विधायक जनक ध्रुव अचानक निरीक्षण करने पहुंचे तो ग्रामीणों की भीड़ लग गई।

- निर्माण में तेजी नहीं आई तो मुख्यमंत्री से की जाएगी शिकायत : विधायक

ग्रामीणों ने विधायक को बताया पुल निर्माण कार्य बेहद धीमी गति से किया जा रहा है इसके ठेकेदार और संबंधित विभाग के अफसर यहां दिखाई ही नही देते और तो और ग्रामीणों ने शिकायत किया कि पुल निर्माण स्थल पर किसी भी प्रकार के सूचना बोर्ड नही लगाया गया है कि कितनी की लागत से पुल निर्माण किया जा है और पुल निर्माण कार्य कब तक पूरा करना है कोई जानकारी नही दर्शायी गई है जिसपर विधायक जनक ध्रुव ने जमकर नाराजगी जताते हुए संबंधित विभाग के अफसरो को फोन लगाकर तत्काल निर्माण स्थल पर सूचना बोर्ड लगाने को कहा है साथ ही निर्माण कार्य मे तेजी लाने को कहा है साथ ही विधायक जनक ध्रुव ने कहा जल्द निर्माण कार्य पूरा किया जाये नही तो इस मामले की शिकायत मुख्यमंत्री से किया जायेगा।



### ग्रामीणों ने दी आंदोलन करने की चेतावनी

श्री ध्रुव को ग्रामीणों ने बताया बारिश के दिनो मे इस नदी मे भारी बाढ़ के कारण स्कूली बच्चो को पालको के द्वारा वाहनों के ट्यूब मे बिठाकर स्कूल तक पहुचाया जाता है, हमेशा दुर्घटना का अंदेशा बना रहता है। ग्रामीणों ने कहा पुल निर्माण कार्य जल्द पूरा करवाया जाये नही तो ग्रामीण आंदोलन करने बाध्य होंगें। इस मौके पर प्रमुख रूप से ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष रामकृष्ण ध्रुव, महामंत्री गैंदू यादव, नेयाल नेताम, लोकेश सांडे व ग्रामीण जन उपस्थित थे।

# 7.544 किलो गांजा के साथ दो आरोपी गिरफ्तार

**गरियाबंद/फिंगेश्वर।** जिले में अवैध मादक पदार्थों की तस्करी पर अंकुश लगाने गरियाबंद पुलिस द्वारा लगातार अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में थाना फिंगेश्वर पुलिस ने रविवार को दो आरोपियों को 7.544 किलोग्राम गांजा के साथ गिरफ्तार कर बड़ी सफलता हासिल की है। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से गांजा सहित मोटरसाइकिल व मोबाइल फोन समेत कुल 1.25 लाख रुपये मूल्य की सामग्री जब्त की है। दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया है।


पुलिस अधिकारियों को अवैध मादक पदार्थों के खिलाफ सख्त कार्रवाई के निर्देश दिए गए थे, जिसके तहत सभी थाना प्रभारियों को क्षेत्र में पेट्रोलिंग और मुखबिर तंत्र को सक्रिय करने के निर्देश दिए गए थे। इसी दौरान थाना फिंगेश्वर पुलिस को सूचना मिली कि दो व्यक्ति भारी मात्रा में गांजा लेकर मोटरसाइकिल से महासमुंद रोड के रास्ते फिंगेश्वर की ओर आ रहे हैं।



सूचना पर पुलिस ने ग्राम बोरिद तिराहा के पास नाकाबंदी की। कुछ ही देर में मुखबिर के बताए हुलिए के अनुसार एक मोटरसाइकिल पर सवार ▶▶| शेष पेज 12 पर

## खबर संक्षेप

### पिता-पुत्र से मारपीट, चार के खिलाफ जुर्म दर्ज



**महासमुंद।** बसना के वार्ड नं. 2 में पिता-पुत्र के साथ मारपीट करने के आरोप में चार लोगों के खिलाफ जुर्म दर्ज कर विवेचना में लिया गया है । पुलिस को प्रार्थी संजय कुमार साहू ने बताया कि 20 जून की शाम करीबन 7 बजे उसकी पत्नी मालती साहू ने फोन कर बताया कि मोहल्ले के 01. कमलेश उर्फ बबलू सोनवानी पिता विजय सोनवानी, पप्पू सोनवानी पिता विजय सोनवानी, राहुल सोनवानी, गोलू र्फ चंदन बसना के द्वारा एक राय होकर गाली गलौज किया जा रहा है। घर पहुंचकर उसने देखा कि आरोपी उसके पुत्र करन साहू के साथ गाली गलौज कर हाथ मुक्का से मारपीट कर रहे थे। बीच बचाव करने पर उसके साथ भी मारपीट की गई। रिपोर्ट पर पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ धारा 115(2), 296, 3(5), 351(2) के अंतर्गत जुर्म दर्ज कर विवेचना में लिया है।

### प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के तहत 7.925 किमी सड़क का नवीनीकरण कार्य सम्पन्न

# दबनई से छिन्दौला तक डामरीकृत सड़क का निर्माण पूर्ण, ग्रामीणों को मिलेगी राहत

हरिभूमि न्यूज ▸▸| मैनपुर

गरियाबंद जिले के मैनपुर विकासखंड अंतर्गत नेशनल हाईवे 130 सी दबनई से छिन्दौला तक लगभग 8 किमी प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के तहत अब एक बार फिर पक्की डामरीकृत सड़क निर्माण किये जाने से इस मार्ग मे आने जाने वाले ग्रामीणों को जहां एक ओर सहुलियत मिलने लगी है वहीं अब ग्रामीणों को राशन व अन्य सामग्री अपने गांव घरो तक पहुंचाने मे आसानी होगी।

- सड़क बनने से 12 से अधिक गांवों के हजारों ग्रामीणों को आवागमन और राशन परिवहन में सुविधा

ज्ञात हो कि वर्श 2016–17 में इस सड़क का निर्माण प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के तहत किया गया था सड़क निर्माण के बाद इस मार्ग मे पुलिस कैंप छिन्दौला मे खोला गया और तो और पहाड़ी उपर सड़क निर्माण कार्य प्रारंभ हुआ लगातार बड़े वाहनो के चलने के कारण समय से पहले करोड़ो रूपए की सड़क जगह जगह से बड़े बड़े गड्डे हो गये थे और आने जाने वाले राहगीरो को भारी परेशानियो का सामना करना पड़ रहा था इस खबर को हमारे हरिभूमि अखबार ने प्रमुखता के साथ प्रकाशित करते हुए सड़क की बदहाल स्थिति से लगातार शासन प्रशासन को अवगत कराया था फिर एक बार दबनई से छिन्दौला तक नवीनीकरण सड़क निर्माण कार्य दबनई से छिन्दौला तक 7.925 किमी सड़क निर्माण कार्य प्रारंभ हुआ और अब डामरीकरण सड़क निर्माण कार्य पूर्ण हो चुका है।






### राहगीरो को मिलने लगी सुविधा

*इस मार्ग मे दबनई फरसरा, लुठापारा, खोलापारा, धोबीपारा, लेड़ीबहार, छिन्दौला सहित लगभग एक दर्जन से अधिक ग्रामों के हजारो लोगो का आवागमन होता है और इसी मार्ग मे छिन्दौला मे आदिवासी बालक आश्रम भी है अब पक्की डामरीकृत सड़क फिर से निर्माण होने से आने जाने वाले राहगीरो को भारी सुविधा मिलने लगी है इस संबंध मे ग्रामीण दुलारिन सोरी, बिमला सोरी, धनमोतिन नेताम, धनेश नेताम, भुजबल नेताम, धनबाई नेताम, तिजूराम नेताम, मानकी बाई सोरी, द्रुपत सोरी, बैशाखिन बाई, सरस्वती नागेश, फगनी बाई, तुलसी राठौर ने बताया सड़क निर्माण कार्य हो जाने से अब इस मार्ग मे आने जाने वाले लोगो को भारी सुविधा मिलने लगी है ग्रामीणों ने कहा इस मार्ग के अधूरे सड़क निर्माण आमामोरा, ओंड़ तक जल्द होना चाहिए।*

## प्रधानमंत्री आवास योजना ने बदली किस्मत झोपड़ी से पक्के घर तक पहुंचे पारेश्वर

**मैनपुर।** प्रधानमंत्री आवास योजना निश्चित रूप से ग्रामीण क्षेत्र के लोगो के लिए वरदान साबित हो रहा है इस योजना के तहत जरूरत मंद लोगो को अब पक्की छत वाला मकान मिलने से उनके जीवन स्तर मे सुधार देखने को मिल रहा है तहसील मुख्यालय मैनपुर नगर के वार्ड क्रमांक 19 के ग्रामीण पारेश्वर नेताम अपने पत्नि व बच्चो के साथ झोपड़ीनुमा मकान मे निवास कर रहे थे और बारिश के दिनो में उन्हे भारी दिक्कतो का सामना करना पड़ रहा था लेकिन प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत अब पारेश्वर नेताम को पक्की आवास निर्माण के लिए पैसा मिलते ही उन्होने पक्का आवास का निर्माण किया है और बकायदा पूजा अर्चना कर गृह प्रवेश भी किया है। प्रधानमंत्री आवास निर्माण हो जाने से पारेश्वर नेताम व उनके परिवार वाले काफी खुश नजर आ रहे है उन्होने बताया केन्द्र की नरेन्द्र मोदी सरकार के महत्वपूर्ण योजना के चलते आज उनका पक्का छत वाला आवास मिला है निश्चित रूप से अब बारिश के दिनो मे उन्हे और उनके परिवार को परेशानियो का सामना नही करना पड़ेगा क्योंकि पहले बारिश के दिनो में झोपड़ीनुमा मकान से पानी टपकता था और भारी परेशानी होती थी अब पक्का आवास निर्माण पर उन्होने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और विष्णुदेव साय सरकार के प्रति आभार व्यक्त किया है ज्ञात हो कि आवास निर्माण के बाद पारे"वर नेताम अब ग्राम पंचायत मैनपुर मे सर्वाधिक वोटो से वार्ड क्रमांक 19 में पंच का चुनाव जीतकर स्वयं विभिन्न योजनाओं का लाभ लोगो को दिलाने मे लगे हुए है।



### प्रधानमंत्री आवास योजना से जीवन स्तर मे सुधार

गरियाबदं जिले मे प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत बड़ी संख्या मे आवास निर्माण किया जा रहा है नि"चत रूप से यह सरकार की काफी महत्वपूर्ण योजना है इस योजना का लाभ सीधे ग्रामीणों को मिल रहा है और अब पक्का आवास मिलने से अब ग्रामीणों को बारिश गर्मी और ठंड सभी दिनो मे जहां सुविधा मिल रही है वहीं उनकी सुरक्षा भी हो रहा है। प्रधानमंत्री आवास निर्माण के बाद ग्रामीणों में मोदी सरकार के प्रति वि"वास बढता जा रहा है और बकायदा इसके लिए प्रधानमंत्री को धन्यवाद भी ज्ञापित कर रहे है।

# जीवनमूल्यों पर आधारित शिक्षा परिवार समाज की आवश्यकता: संतोष उपाध्याय

हरिभूमि न्यूज ▸▸| छुईहा बेलर

ग्राम सिर्रीखुर्द में रविवार को कर्मा जयंती कार्यक्रम को सम्बोधित करते पुर्व विधायक संतोष उपाध्याय ने कहा माता कर्मा की जीवन चरित्र से परिवार, समाज को जीवन मुल्यो की शिक्षा की सीख मिलती है। कहा कि मसाज की व्याप्त कुरूति समाप्त हो सम्मान जनक रीति-रिवाज का समावेश होना चाहिए इसका मै समर्थन करता हूं। उन्होंने फिर दोहराया कि आपने मुझे एक बार विधायक बनाया ,मै जीवन भर राजिम विधान सभा जनता की ऋणि हूं।

- शिक्षा में जीवन मूल्यों के समावेश की जरूरत पर दिया जोर
- बेरोजगारी और दिशाहीन युवाओं को बताया समाज के समग्र विकास में बाधक



संतोष उपाध्याय ने आगे कहा कि शिक्षा में जीवनमूल्यों का समावेश कैसे हो, सदा से ही यह एक ज्वलंत विषय रहा है। पढ़ने लिख कर उच्च शिक्षा प्राप्त होने पर इस पर चर्चा गहन रूप होती है और इस संदर्भ में आगे चलकर कुछ प्रयास भी रहे हैं, वो अच्छी बात है। लेकिन इतना काफी नहीं है। शिक्षा का जीवन उपयोग और निर्धारण इस संदर्भ में गंभीर प्रयास की दरकार है। कहा कि स्कुली शिक्षा पर नज़र डालें तो वह बहुत आश्वस्त नहीं करती। इसमें किताबी ज्ञान व रोजगार के अवसर पर तो बल दिया जा रहा है, लेकिन जीवनमूल्यों पर चर्चा नदारद है। जो हर एक परिवार एंव हर एक समाज को अन्दर देखने सुनने को मिलती हैं।

उपाध्याय युवाओं पर चिंता व्यक्त करते हुए कहा बेरोजगारी का दंश झेल रहे युवाओं में आधुनिक शिक्षा इतनी क्षमता एवं मनोबल विकसित नहीं कर पाती कि आज युवा अपने बूते कुछ स्वाभिमान भरा कार्य कर सकें। उनको छोटे कार्यों को करने में उनको लज्जा आती है। अर्थात अधूरी शिक्षा का दंश झेलते युवा परिवार , समाज का बोझ समझ बैठते हैं, जिनकी दिशाहीनता के कारण कई तरह की अवांछनीय परिवारिक, समाजिक जीवन के निर्बाध विकास में अवरोध बन जाते हैं। उन्होंने बताया कि जीवनमूल्य में वे सभी गुण, अभ्यास, मानवीय विशेषताएँ एवं जीवन कौशल आते हैं, जो व्यक्तित्व को मूल्यवान बनाते हैं, बहुमूल्य मानवीय जीवन के मूल लक्ष्य को पूरा करते हुए इसे धन्य बनाते हैं और वातावरण में सकारात्मक ऊर्जा का संचार कर, समग्र विकास की अवधारणा को संभव बनाते हैं। फिर जीवन जितना व्यापक है, उतना ही व्यापक जीवनमूल्यों का फलक है, जिनके स्वरूप को व्यक्ति, परिवार, समाज, राष्ट्र स्तर पर निर्धारित किया जा सकता है।

# गरियाबंद में महिला मुखियाओं को पेशा कानून पर दिया एक दिवसीय प्रशिक्षण

हरिभूमि न्यूज ▸▸| गरियाबंद

लोक आस्था सेवा संस्थान के द्वारा पीएचएफ के सहयोग से संगवारी महिला मंच के महिला मुखियाओं का पेशा कानून पर एक दिवसीय प्रशिक्षण गरियाबंद में आयोजित किया गया। जिसमें छुरा और गरियाबंद ब्लॉक के 60 से अधिक महिला मुखिया शामिल रही प्रशिक्षण की शुरुआत संस्था सचिव सुश्री लता नेताम पेशा कानून के बारे बताया की यह कानून 1996 में पारित हुआ और लागू किया गया।

जिसमें संविधान की 5 वीं अनुसूची और उसके अलावा जहां आदिवासी समुदाय की संख्या अधिक है वहां लागू किया जाएगा और इसके प्रावधानों के बारे विस्तार पूर्वक जानकारी दिया गया कि इसी के अंतर्गत छत्तीसगढ़ के कई जिले भी पेशा क्षेत्र अंतर्गत आता है और छत्तीसगढ़ में पेशा कानून के अंतर्गत इसके लिये नियम 2022 में बनाया गया इस कानून के अंतर्गत ग्रामसभा को शक्ति प्रदान किया गया जिसमें स्वशासन और पूरे गांव का विकास का और निर्णय की शक्ति प्रदान किया गया जिसमें विकास योजनाओ के क्रियान्वयन से लेकर पूरी गांव की विकास की जिम्मेदारी ग्रामसभा का है साथ ही बताया गया कि ग्रामसभा की बैठक कैसे होना चाहिए और उसके गणपूर्ति के बारे जिसमें उस गांव की वोटरों का 1 तिहाई जनसंख्या का होना अनिवार्य है और उसमें 50 प्रतिशत महिलाओं का होना अनिवार्य अगर ग्रामसभा की गणपूर्ति नहीं होती है तो 7 दिवस के अंतर्गत फिर से ग्रामसभा बुलाया जाएगा। अध्यक्ष का चुनाव सबकी सर्व सहमति से 1 वर्ष के लिए चुना जाएगा और वह पंचायत के सरपंच उपसरंपच या ऐसा प्रत्याशी न हो जो चुनाव लड़ा हो और अध्यक्ष आदिवासी समुदाय का हो व ग्राम सभा की समिति के बारे जानकारी दिया गया जिसमें शांति न्याय और प्रबंधन समिति के बारे में विस्तार पूर्वक बताया गया । इसके बाद प्रशिक्षक महोदय जी द्वारा प्रोजेक्टर के द्वारा वीडियो के माध्यम बहुत ही सरल तरीके से समझाया गया कि ग्राम सभा कैसे होता है उसके बाद प्रशिक्षक महोदय ने खेल के माध्यम से महिलाओं को 4 समूह में विभाजित कर 1 वर्ष में होने वाले ग्रामसभा जिसमें 26 जनवरी और 14 अप्रैल 15 अगस्त व 2 अक्टूबर के आसपास होने वाले ग्रामसभा के बारे में जानकारी दिया व साथ ही इससे पहले महिला और बाल सभा कर सकते है इसके बारे बताया इसके बाद दो ग्रुप में महिलाओं को विभाजित कर ग्रामसभा के प्रक्रिया के बारे विस्तार पूर्वक बताया गया और ग्राम सभा में महिलाओं भागीदारी बढ़ना चाहिए और महिलाएं भी निर्णय प्रक्रिया में शामिल हो इसके बारे प्रेरित किया गया।



- पेशा कानून की समझ और ग्रामसभा की भूमिका
- ग्रामसभा की प्रक्रियाएं और महिलाओं की भागीदारी

# बिजली व्यवस्था चरमराई, खेत में दो महीने से गिरे हैं बिजली पोल, विभाग बेपरवाह





हरिभूमि न्यूज ▸▸| गरियाबंद

कोपरा और आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों में बिजली व्यवस्था पूरी तरह लड़खड़ा गई है। विडंबना यह है कि क्षेत्र में बिजली पोल दो महीने से खेत में गिरे पड़े हैं, लेकिन विद्युत विभाग को न बिजली आपूर्ति की सुध है और न ही सुरक्षा व्यवस्था की। किसानों ने कई बार अधिकारियों को अवगत कराया, लेकिन अब तक कोई कार्रवाई नहीं हुई है।

- 33 केवी लाइन के खंभे अब भी खेतों में पड़े, विद्युत विभाग की लापरवाही से ग्रामीणों में आक्रोश

कोपरा वन डिपो के पास स्थित किसानों के खेतों में 33 केवी न्यू गरियाबंद लाइन के दो खंभे दो माह पहले तेज आंधी-तूफान में गिर गए थे। उस समय खेत में रबी फसल खड़ी थी, जिसे नुकसान पहुंचा। अब खरीफ की बुआई का समय है और खेत सूखे हैं, ऐसे में बिजली पोल को हटाया जा सकता है, लेकिन विभाग की सुस्ती के कारण स्थिति जस की तस बनी हुई है।

### किसानों की गुहार पर भी नहीं जागा विभाग

किसान मंगतू सतनामी, उषा साहू और चुम्मन साहू ने बताया कि उन्होंने कई बार कोपरा के जेई जॉन्सन बंजारे से संपर्क कर खेत में गिरे पोल हटाने की मांग की, लेकिन विभागीय रवैया टालमटोल भरा रहा। अधिकारी की हठधर्मिता के चलते अब किसान खुद उच्च अधिकारियों से शिकायत करने की तैयारी में हैं।

### कर्मचारियों के भरोसे चल रहा सब स्टेशन, जेई नदारद

ग्रामीणों ने बताया कि जेई जॉन्सन बंजारे को कोपरा और राजिम दोनों सब स्टेशनों का चार्ज दिया गया है, लेकिन वे कोपरा में शायद ही कभी दिखाई देते हैं। पूरा कार्यभार अधीनस्थ कर्मचारियों पर छोड़ दिया गया है, जिससे बिजली व्यवस्था पूरी तरह गड़बड़ा गई है।

### ग्रामीणों की मांग पर नए जेई की पदस्थापना की

गांव के लोगों का कहना है कि बिजली विभाग को क्षेत्र की समस्याओं में कोई रुचि नहीं है। 2 माह से बिजली व्यवस्था बाधित है, खेतों में पोल पड़े हैं, और ग्रामीणों को बार-बार बिजली कटौती का सामना करना पड़ रहा है। कोपरा में नए और जवाबदेह अधिकारी की मांग अब तेज हो गई है। गांवों में बिजली जैसी बुनियादी जरूरत की अनदेखी केवल किसान ही नहीं, छात्रों, महिलाओं और छोटे व्यवसायियों को भी प्रभावित कर रही है। शासन को चाहिए कि इस तरह की लापरवाही पर सख्त कार्रवाई कर जिम्मेदार अधिकारियों की जवाबदेही तय करे।



### ग्रामीण क्षेत्रों में भी छात्र छात्राओं ने किया योग

**छुरा।** 11वें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर वनांचल क्षेत्र के विद्यालय शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय पेण्ड्रा में प्राथमिक पूर्व माध्यमिक एवं उच्चतर माध्यमिक विद्यालय के विद्यार्थियों ने योग किया योग शिक्षक हीरालाल साहू ने योग प्रोटोकॉल के अनुसार प्रार्थना से प्रारंभ कर शुक्ष्म व्यायाम गर्दन कमर घुटना मुवमेंट ताड़ासन वृक्षासन पादहस्तासन अर्ध उष्ट्रासन त्रिकोणासन भद्रासन वज्रासन शशकासन वक्रासन भुजंगासन मकरासन पवनमुक्तासन नौकासन आदि आसनों को उनके गुण और स्वास्थ्य में लाभ के अनुसार बताते हुए योग कराया। प्रभारी प्राचार्य ने इस अवसर पर कहा कि योग हमारी प्राचीन परंपरा है इसके करने से छोटी मोटी बिमारियां ऐसे ही दूर हो जाती है निर्मला लालवानी ने कहा कि योग से तन मन स्वस्थ रहता है मन एकाग्र होता है पढ़ने वाले बच्चों को आधा एक घंटा रोज योग करना चाहिए आभार पीटीआई राजू साहू ने व्यक्त किया।

## चरण पादुका योजना पर गरमाई सियासत, कांग्रेस ने भाजपा पर लगाए कमीशनखोरी और अधिकार हनन के आरोप

**गरियाबंद।** भाजपा सरकार के चरण पादुका योजना में चप्पल जूता वितरण करने के निर्णय पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष हाफिज खान ने कहा कि भाजपा सरकार अपने कुछ पूंजीपति चप्पल जूता निर्माताओं से कमीशन लेकर तेंदूपत्ता संग्राहकों से मनपसंद चरण पादुका खरीदने का अधिकार छीन रही है। भाजपा का नारा है चंदा दो धंधा लो। पूर्व कांग्रेस की सरकार ने तेंदूपत्ता संग्राहकों को मंदपसंद चप्पल खरीदने के लिए योजना के माध्यम से नगद राशि सीधा उनके खाता में ट्रांसफर किया था। नगद राशि ट्रांसफर करने से तेंदूपत्ता संग्राहक अच्छी कम्पनी की जूता चप्पल स्थानीय बाजार से खरीदी करते थे, उन्हें अपनी सुविधा और उपयोगिता के अनुरूप चुनने का अधिकार मिलता था। इसे स्थानीय स्तर पर व्यापार भी चलता था। बाजार में रौनक होती थी। केंद्र की भाजपा सरकार हर योजना में नगद राशि हितग्राहियों के खाता में सीधा ट्रांसफर करने की बात करती हैं। वही राज्य की भाजपा अपने खजाना में काली कमाई का पैसा जमा कराने नगद ट्रांसफर योजना को बंद कर समान वितरण की नीति बना रही है। भाजपा की नीति और नियत में यही फर्क दिख रहा है। राज्य की भाजपा सरकार अपने केंद्र सरकार की नीति को नहीं मान रही है। कमीशन की काली कमाई के लालच में गुणवत्ताहीन चप्पल, जूते खपाने की साजिश रची गई है।



**हाफिज खान ने लगाए आरोप**-ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष हाफिज खान ने कहा कि प्रदेश ने देखा है पूर्व रमन सरकार में तेंदूपत्ता संग्रहकों चरण पादुका देने के नाम से भारी भ्रष्टाचार हुआ था। उस दौरान खराब से खराब क्वालिटी की रंग बिरंगी चप्पल खरीदी की गई थी। तेंदूपत्ता संग्राहकों को चप्पल वितरण किया गया था उसमें दाहिना पैर का चप्पल का नंबर और रंग अलग तो बायां पैर का चप्पल का नंबर और रंग अलग होता था। और तेंदूपत्ता संग्राहकों को इस प्रकार से चप्पल वितरित करके उनका अपमान किया जाता था। ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष हाफिज खान ने कहा कि कांग्रेस सरकार के दौरान शुरू की गई चरण पादुका योजना में नगद राशि खाते में जमा कराने की उसे निरंतर जारी रखा जाए। तेंदूपत्ता संग्रहको मनपसंद चरण पादुका खरीदने के अधिकार से वंचित नही किया जाये। बल्कि बढ़ती महंगाई को हिसाब से चरणपादुका योजना में दी जानी वाली राशि मे वृद्धि किया जाये।

## पेज 11 के शेष

### तेंदूपत्ता फड़ मुंशी...

स्पष्ट है की सरकार की नियत सही नहीं है इसके पूर्व भी मुख्यमंत्री और वन मंत्री ने मुख्यमंत्री निवास में कहा था कि अतिथि शीघ्र की मांगे पूरी की जाएगी लेकिन आज पर्यंत तक उसे विषय पर चिंतन नहीं हो पाया इसलिए आने वाले समय में हमें नारायणपुर तथा कुनकुरी में संगठन कार्यालय आयोजित कर अपने शक्ति प्रदर्शन करना होगा तथा संगठन की ताकत को दिखाना होगा इसके लिए हमें पूरी तैयारी करनी चाहिए उन्होंने कहा कि एक माह के अंदर रायपुर में प्रमुख लोगों की बैठक होगी जिसमें सारी चर्चा की जाएगी और ठोस निर्णय लिया जाएगा।

### नवापारा-राजिम में...

है। मकान के मरम्मद एवं छोटे कामों के लिए राजमिस्त्री एवं मजदूर नहीं मिल रहे है। राजमिस्त्री एवं मजदूरों की कमी के चलते कई बड़े भवन निर्माण कार्य कछुआ गति से चल रहा है। कई साइड पर काम रुका हुआ है। राजमिस्त्री एवं मजदूरों का टोटा मई माह से चालू है जो जुलाई-अगस्त तक ऐसा ही बना रहेगा। चूंकि जून के अंतिम सप्ताह से खरीफ फसल की तैयारी जोरो से चालू हो जाएगी। आगामी 4 माह किसान खेती किसानी के कामों में व्यस्त रहेंगे। मजदूरों की कमी से खेती किसानी का काम भी प्रभावित रहने की संभावना है।

### राशन वितरण केंद्र...

जिससे एक व्यक्ति पर औसतन 30 से 40 मिनट का समय लग रहा है। इस वजह से प्रतिदिन सीमित कार्डधारियों को ही राशन मिल पा रहा है। उन्होंने बताया कि तकनीकी समस्या के निराकरण हेतु जिला प्रशासन और राज्य खाद्य मंत्री को कई बार ज्ञापन सौंपा गया है, लेकिन अब तक कोई समाधान नहीं निकल सका है। स्थानीय हितग्राही रोजाना सुबह 5 बजे से लाइन में लगते हैं, फिर भी अधिकांश को राशन नहीं मिल पा रहा। लगातार हो रही असुविधा से नाराज उपभोक्ताओं ने रविवार को हंगामा किया। हितग्राहियों की मांग है कि ओटीपी प्रक्रिया को सरल बनाया जाए, दुकान में अतिरिक्त तकनीकी संसाधन उपलब्ध कराए जाएं और सर्वर की समस्या का स्थायी समाधान हो, ताकि हर महीने ऐसी परेशानी का सामना न करना पड़े।

### फुटकर व्यापारियों की...

नेकराम, पुरुषोत्तम सिन्हा, शहजादी बेगम, प्रिया वर्मा की तबीयत बिगड़ गई है। जिला अस्पताल में जांच के दौरान डॉक्टरों ने शुगर लेवल कम पाया और ग्लूकोज चढ़ाने की सलाह दी, लेकिन व्यापारियों ने इसे अस्वीकार करते हुए आंदोलन जारी रखने की बात कही।

**पालिका अध्यक्ष ने दी सफाई**– नगर पालिका अध्यक्ष रिखी राम यादव ने कहा कि वर्षों पुरानी परंपरागत बाजार को सुव्यवस्थित करने का प्रयास हो रहा है। सब्जी, मनिहारी, चूड़ी आदि व्यवसायों को अलग-अलग स्थान पर व्यवस्थित किया जा रहा है ताकि खरीदारों और व्यापारियों को सुविधा हो। उन्होंने बताया कि जिन क्षेत्रों में शेड व चबूतरे का निर्माण पूर्ण हो चुका है, उन्हीं व्यापारियों को अस्थायी तौर पर स्थान दिया गया है। शेष को निर्माण कार्य पूरा होने के बाद ही व्यवस्थित किया जाएगा।

**बारिश ने बढ़ाई चुनौती, महिलाओं के साथ छोटे बच्चे भी धरने पर**– गांधी मैदान में धरनास्थल पर दोपहर से बारिश होने के कारण व्यापारी भीगते हुए बैठे रहे। महिलाएं छोटे बच्चों को लेकर हड़ताल स्थल पर डटी हुई हैं। गीले मैदान में बैठने से बीमारी की आशंका भी बढ़ गई है।

### 7.544 किलो...

दो व्यक्ति दिखाई दिए, जो पुलिस को देखकर घबराहट में बाइक मोड़कर भागने लगे। संदेह होने पर पुलिस ने घेराबंदी कर दोनों को पकड़ लिया।

**आरोपियों से मिला गांजा और अन्य सामान**–पूछताछ में बाइक चालक ने अपना नाम खेलावन ध्रुव, पिता संतोष ध्रुव, उम्र 30 वर्ष, निवासी वार्ड क्रमांक 15, गोबरा नवापारा (जिला रायपुर) बताया। वहीं पीछे बैठे व्यक्ति ने अपना नाम राजेश भोई, पिता राजू भोई, उम्र 22 वर्ष, निवासी वार्ड क्रमांक 15, गोबरा नवापारा बताया। तलाशी के दौरान उनके पास से एक काले-नीले रंग के बैग में रखा 7.544 किलो गांजा, जिसकी कीमत लगभग 75,000 रुपये आंकी गई, बरामद किया गया। साथ ही, एक प्लेटिना मोटरसाइकिल , दो मोबाइल फोन सहित कुल 1,25,000 रुपये मूल्य की सामग्री जब्त की गई।

**कानूनी कार्रवाई और जेल भेजा गया**–पुलिस ने दोनों आरोपियों के खिलाफ थाना फिंगेश्वर में अपराध क्रमांक 185/2025 के तहत धारा 20(ख) नारकोटिक ड्रग्स एंड साइकोट्रोपिक सब्सटेंस एक्ट, 1985 के तहत मामला दर्ज कर उन्हें न्यायालय में पेश किया, जहां से उन्हें जेल भेज दिया गया।पुलिस की सतर्कता और त्वरित कार्रवाई से गांजा तस्करी की एक बड़ी कोशिश को नाकाम किया गया है।

**खबर संक्षेप**

## एक पृथ्वी, एक स्वास्थ्य थीम पर हुआ योग जागरूकता उत्सव






**फिंगेश्वर।** इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय के अंतर्गत कृषि महाविद्यालय एवं अनुसंधान केंद्र, फिंगेश्वर में अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस 2025 का आयोजन एक पृथ्वी,एक स्वास्थ्य के लिए योग विषय पर राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के तत्वावधान में उत्साहपूर्वक किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत सुबह छात्रें द्वारा योग अभ्यास से हुई,जिसमें उन्होंने सामूहिक रूप से विभिन्न योगासन कर शारीरिक व मानसिक संतुलन का अनुभव किया। इसके पश्चात जागरूकता रैली का आयोजन हुआ, जिसमें छात्र–छात्राओं ने योग के महत्व पर स्लोगन और बैनरों के साथ सहभागिता निभाई। तत्पश्चात पोस्टर प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसमें प्रतिभागियों ने योग और स्वास्थ्य के परस्पर संबंध को रचनात्मक रूप से प्रस्तुत किया। कार्यक्रम का आयोजन अधिष्ठाता, डॉ. गिरिजेश शर्मा के कुशल मार्गदर्शन में, प्रभारी डॉ. ओमेश ठाकुर द्वारा संचालित किया गया। यह पहल न केवल शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता बढ़ाने में सहायक रही, बल्कि विद्यार्थियों को रचनात्मक अभिव्यक्ति का मंच भी प्रदान किया।

जयंती : विधायक रोहित साहू समेत कई जनप्रतिनिधियों ने किया पौधारोपण, छात्रों व समाजसेवियों का हुआ सम्मान

# ग्राम सिर्रीखुर्द में कर्मा जयंती और भव्य महारती समारोह, साहू समाज का वार्षिक अधिवेशन सम्पन्न

हरिभूमि न्यूज ▶▶| छुईहा बेलर

ग्राम सिर्रीखुर्द में रविवार को कर्मा जयंती एंव भव्य महारती का आयोजन रखा गया । साहू समाज परिक्षेत्र बेलर अध्यक्ष प्रवीण साहू, उपाध्यक्ष हरिराम,संगीता, सचिव गजानंद कोषाध्यक्ष जुगराज, सहसचिव शेखर साहू ने कहा कि साहू समाज परिक्षेत्र के तत्वावधान में साहू समाज का वार्षिक अधिवेशन ग्राम सिर्रीखुर्द में 22 जुन को आयोजित किया गया है। विधायक रोहित साहू,पुर्व विधायक संतोष उपाध्याय, चन्द्रशेखर साहू, पुष्पा साहू,विजय कंडरा, देवेन्द्र वर्मा अन्य अतिथियों द्वारा वृहद वृक्षारोपण किया गया।

देवर तिल्दा का संगीतमय मानसगान की सह व्याख्या की प्रस्तुति होगी, वहीं 10 वीं 12 वीं के उत्कृष्ट अंक अर्जित कर सफलता वाले छात्रों एंव परिक्षेत्र ग्राम के समाजिक वरिष्ठ 5-5 महिला पुरूषो, पत्रकार का सम्मान समारोह, किया गया है। कार्यक्रम मुख्यअतिथि रोहित साहू विधायक राजिम, अध्यक्षता संतोष उपाध्याय पूर्व विधायक राजिम, चन्द्रशेखर साहू पुर्व जिला पंचायत सदस्य,लालाराम साहू अध्यक्ष-राजिम भक्तिन मंदिर



समिति, तहसील अध्यक्ष रामजी साहू, जनपद अध्यक्ष इंद्राणी नेहरू साहू, जिला पंचायत सभापति नंदनी ओमकार साहू,विजय कंडरा विधायक प्रतिनिधि, पुर्व जनपद अध्यक्ष पुष्पा साहू,जनपद संभापति नंदू यादव, जनपद सदस्य टायल राम साहू,सरपंच सिर्रीखुर्द देवेन्द्र थे। कर्मा जयंती कार्यक्रम को सम्बोधित करते राजिम विधायक रोहित साहू ने कहा साहू समाज अपने विभिन्न रचनात्मक गतिविधियां से अपनी विशेष पहचान बनाई हूई है। साहू समाज ही है जो आदर्श विवाह की शुरूआत की है,इस प्रेरणा से अनेकों राह ली, यहां अब प्रदेश देश सरकार ने भी आर्दश विवाह को प्राथमिकता में रखा। वृक्षारोपण रोपण का कार्यक्रम भी बढ़ चढ़ कीया जा रहा है। नरेंद्र मोदी की आह्वान एक पेड़ मां के नाम या अपने रूचि अनुसार अपने पिढ़ियो की स्मृति में अवश्य पेड़ लगाए। विधायक ने कहा हमारे देश में वृक्षों को मनुष्य श्रेणी से ऊपर देव श्रेणी में रखा जाता है। सभी वृक्षों में पीपल वृक्ष को विभुतियों में शामिल किया गया है। आदिवासी भाई साला वृक्ष को देव मानते ऐसे ही हर समाज में पेड़ पौधों का महत्व है। विधायक रोहित साहू ने स्मरण कराया कि गत 9 जुन को मेरे जन्म दिन और नरेंद्र मोदी सरकार के 11 साल पुर्ण होने पर विधान सभा के 320 सभी ग्राम में लगभग 5 हजार पौधे रोपे गए हैं।

### ये रहे उपस्थित

मंच संचालक साहू समाज परिक्षेत्र अध्यक्ष प्रवीण साहू,निज साहयक किशोर साहू, सितल साहू ,अरूण साहू, ओमकार साहू, गणेश साहू,उदे राम साहू,राजु साहु,हरिष साहू, जागेश्वर सिहू,नुतन साहू,रवी साहू, ओमप्रकाश साहू, फत्ते साहू, एनसिंग , पुरूषोत्तम साहू, देवाराम साहू, तुलसी साहू, डहरू राम साहू ,गोवर्धन साहू , महेश साहू, वेदराम साहू,पिलेश्वरी साहू , लोकेश्वरी साहू, खिलेश्वरी साहू, कोषाध्यक्ष-जिला साह संघ गरियाबंद अनुशासन माहू जी, संयोजक-युवा प्रकोष्ठ जिला साहू संघ, कुंजबिहारी साहू, सोमप्रकाश साहू,डॉ. दिलीप साहू सभापति- राजू साहू जी, कार कार्यकारी अध्यक्ष-पुषा प्रकोष्ठ हरीश साहू जी, अध्यक्ष सरपंच संप फिंगेश, विजय कंडरा विधायक प्रतिनिधि, देवेन्द वर्मा सरपंच-ग्राम पंचायत सिर्रीखुर्द उपस्थित थे।

## कैंसर पीड़ित रमेश को है उपचार के लिए मदद की दरकार

**मुड़ागांव(कोरासी)।** गरियाबंद जिले के छुरा विकास खण्ड के ग्राम पंचायत देवरी के आश्रित गनबोरा निवासी 52 वर्षीय रमेश कुमार विश्वकर्मा विगत एक वर्ष से गंभीर बीमारी से ग्रस्त हो कर अनेक अस्पतालो से इलाज कराकर थक चुका है। इलाज के दौरान लाखों रुपए खर्च हो चुकी है, लेकिन इलाज सफल नहीं हुआ, बढ़ते गंभीर बीमारी का टेस्ट कराने पर गले का केंसर निकला और केंसर का इलाज भी जारी है, लेकिन पैसा के अभाव के कारण इलाज नहीं हो पा रहा है। पहले इलाज के लिए लाखों रुपए खर्च हो चुकी है पर अभी इलाज के लिए उसके पास पैसा नहीं है। जो कि घर पर एक अकेला कमाने वाले थे जो कमाया हुआ धन उसके पास था, वह इलाज में खर्च हो गया है,अब इलाज कराने में असफल हो गए हैं। अब रमेश कुमार विश्वकर्मा जो कि विगत एक वर्ष से गंभीर बीमारी गले के केंसर से पीड़ित हैं। उपचार हेतु अपना सभी जमा पूंजी खर्च कर दिया है फिर भी राहत नहीं मिला है। ऐसे में शासन से इच्छा मृत्यु का गुहार लगा रहा है। मिली जानकारी अनुसार उनके दो बेटियां हैं जोकि दोनों शादी योग्य हों गया है।इस समय वो चाहते है कि बेटी का कन्यादान करे या फिर इस संसार से बेटी धर्म को निभायें या अपना इलाज कराए।





# शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला में विकासखंड स्तरीय शाला प्रवेशोत्सव कार्यक्रम आज

हरिभूमि.न्यूज ▶▶| फिंगेश्वर

शिक्षा के मूल्यो एवं शिक्षा के अनिवार्यता को लेकर नवीन शिक्षा सत्र 2025–26 में विकासखण्ड स्तरीय शाला प्रवेशोत्सव का आयोजन शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला भसेरा मे किया गया है।कार्यक्रम में अंचल के जनप्रतिनिधि, पालकों,शिक्षकों एवं छात्रें की गरिमामयी उपस्थिति रहेगी।



■ कार्यक्रम के मुख्यअतिथि होंगे राजिम विधायक रोहित साहू

कार्यक्रम के मुख्यतिथि राजिम विधान सभा के विधायक रोहित साहू,अध्यक्षता जनपद पंचायत फिंगेश्वर के जनपद अध्यक्ष श्रीमती इंद्राणी नेहरू साहू, विशिष्ट अतिथि–जिला पंचायत सभापति नंदनी कोमल ढीढी गरियाबंद,जिला पंचायत के सभापति श्रीमति नंदनी ओंकार साहू,शिक्षा समिति के अध्यक्ष एवं जनपद पंचायत फिंगेश्वर के उपाध्यक्ष सतीश यादव,जिला पंचायत सदस्य इंद्रजीत महाड़िक गरियाबंद, जिला पंचायत के पूर्व सदस्य चंद्रशेखर साहू,जनपद सदस्य उमा राधेश्यम साहू,भाजपा मंडल अध्यक्ष मंजू लता हरित फिंगेश्वर,राजिम भाजपा मंडल अध्यक्ष रिकेश साहू,भाजपा मंडल अध्यक्ष गोपीराम साहू कोपरा,सरपंच संघ के अध्यक्ष हरिश साहू,सेम्हरतरा,सरपंच दीपक धुरव भसेरा, उपसरपंच डिगेश साहू एवं पंचगण होंगे।

कार्यक्रम दिनांक 23 जून 2025, सोमवार को प्रातः 11.00 बजे से स्थान–शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला भसेरा मे संपन्न होगा।कार्यक्रम को लेकर फिंगेश्वर के विकासखंड शिक्षाधिकारी ने अंचल के जन प्रतिनिधियों, पालको एवं छात्रें को आमंत्रित किया है।

## परसदा में योगाभ्यास...



**नवापारा-राजिम।** अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर गांव में अमृत सरोवर में कार्यक्रम रखा गया। जिसमें सरपंच रमेश वर्मा, टीकू यादव ,माधुरी साहू ,योगेश यादव ,मोहन साहू ,हरिश्चंद्र साहू ,तेजराम साहू ,चंद्रहास यादव आदि शामिल हुए।

**न्यायालय तहसीलदार छुरा, जिला गरियाबंद (छ.ग.)**

**:: उद्घोषणा ::**

रा.प्र.क्र./ / ब-121/ वर्ष 2022-23

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक हेमलाल कंवर वल्द बहुर जाति कंवर ग्राम आसरा प.ह.नं. 20 रा.नि.मं. छुरा तहसील छुरा, जिला गरियाबंद (छ.ग.) ने अपने माता छुरा के मृत्यु प्रमाण पत्र 01 वर्ष की अवधि के अंदर पंजीयन नही कराने के कारण विलंबित जन्म-मृत्यु का पंजीयन किये जाने हेतु उप-पंजीयक (जन्म-मृत्यु) को आदेशित करने बाबत् (जन्म-मृत्यु रजिस्ट्रीकरण अधिनियम 1969 की धारा 13 (3) एवं छ.ग. जन्म-मृत्यु रजि. नियम 2001 के नियम 9 (3) के प्रयोजन हेतु) शपथ पत्र में अनुपलब्धता प्रमाण सहित प्रस्तुत किया है।

उपरोक्त संबंध में यदि किसी भी व्यक्ति/ संस्था/ शासकीय/ अर्द्ध-शासकीय निकाय या अन्य संस्था को किसी भी प्रकार की दावा/आपत्ति हो तो सुनवाई दिनांक 04.07.2025 तक इस न्यायालय में स्वयं या अपने अधिवक्त के माध्यम से दावा/आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है। नियत तिथि के बाद प्राप्त होने वाले दावा/आपत्ति पर किसी भी प्रकार का कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह उद्घोषणा आज दिनांक 19.06.2025 को मेरे हस्ताक्षकर एवं न्यायालय की पद मुद्रा से जारी किया गया।

मुहर

तहसीलदार
छुरा



## खबर संक्षेप

### देशी शराब जब्त, दो आरोपियों पर कार्रवाई

**महासमुंद।** देशी शराब का अवैध परिवहन कर रहे आरोपी के खिलाफ कोतवाली पुलिस ने कार्रवाई की है। पुलिस ने बताया कि मुखबिर से सूचना मिली थी कि दो अज्ञात व्यक्ति एक नीला रंग बिना नंबर प्लेट की टीवीएस जुपिटर में एक प्लास्टिक बोरी के अंदर अवैध रूप से देशी प्लेन शराब भरकर महासमुंद से मचेवा की ओर विक्रय के लिए परिवहन कर रहे हैं। पुलिस ने वल्लभाचार्य कॉलेज के पास मचेवा महासमुंद के पास उक्त वाहन को रोककर पूछताछ की, जिस पर स्कूटी चालक ने अपना नाम माधव स्वीपर पिता मनोज स्वीपर (20 वर्ष) वार्ड नं. 25 स्वीपर कॉलोनी महासमुंद और पीछे बैठे व्यक्ति ने अपना नाम जागेश्वर साहू पिता खिलावन साहू (36 वर्ष) वार्ड नं 24 कुम्हार पारा बताया। आरोपियों के कब्जे से 60 पौवा देशी प्लेन शराब शोले कीमत 4800 रुपए और वाहन को जब्त कर धारा 34(2) आबकारी एक्ट के तहत कार्रवाई की गई।

### ट्रक की टक्कर से बाइक सवार बुजुर्ग घायल

**महासमुंद।** ट्रक की टक्कर से बाइक चला रहे एक बुजुर्ग को चोटें हैं। जिन्हें रायपुर के निजी अस्पताल में दाखिल कराया गया है। पुलिस ने बताया कि 17 जून की सुबह 10:30 बजे चंदूलाल साहू ( 65 साल) निवासी इमलीभाठा महासमुंद, अपनी मोटर सायकल क्रमांक सीजी 04 डीजेड 0127 से बिरकोनी जा रहे थे। एनएच 53 बरबसपुर मोड़ के पास सामने से आ रहे ट्रक क्रमांक सीजी 06 जीजी 8977 के चालक अपने वाहन को तेजी व लापरवाहीपूर्वक चलाकर ठोकर मारकर एक्सीडेंट कर दिया है, जिन्हे उपचार हेतु रायपुर के निजी अस्पताल में भर्ती किया गया है। मामले में आरोपी वाहन चालक के खिलाफ धारा 125(ए), 281 बीएनएस के तहत जुर्म दर्ज किया गया है।

### मारपीट के मामले में जुर्म दर्ज

**महासमुंद।** ग्राम कोना में गाली देने से मना करने पर मारपीट की घटना हो गई। कोतवाली पुलिस को महेंद्र कुमार चंद्राकर ग्राम कोना ने बताया कि 21 जून की शाम लगभग 5 बजे वह अपने घर के बाहर खड़ा हुआ था, उसी समय प्रियांशु पटेल गाली गलौज करते हुए जा रहा था जिसे उसने मना किया। तब आरोपी प्रियांशु पटेल ने तुम कौन होते हो मना करने वाले कहते हुए गाली देते हुए हाथ-मुक्का से मारपीट की, जिससे उसके सिर और दाहिने आंख के पास चोट लगी। मामले में आरोपी के खिलाफ धारा 115(2), 296, 351(3) बीएनएस के तहत जुर्म दर्ज कर विवेचना में लिया गया है।

### जमीन विवाद को लेकर मारपीट

**महासमुंद।** जमीन विवाद के चलते हुई मारपीट की घटना में तुमगांव थाने में आरोपी के खिलाफ अपराध दर्ज किया गया है। पुलिस को प्रार्थी धनुष निवासी ग्राम कुकराडीह ने बताया कि जमीन विवाद को लेकर बात करने अपने रिश्तेदार गंगु दीवान के पास गया था। वहां से वापस आने के दौरान गांव के दुर्गा चौक के पास शाम करीबन 7 बजे गंगू दीवान का लड़का गौरव दीवान आया और गाली गुप्तार करते हुए मारपीट किया। मामले में आरोपी के खिलाफ 115(2), 296 के अंतर्गत जुर्म दर्ज कर विवेचना में लिया गया है।

### एक्सीडेंट में एक की मौत

**महासमुंद।** बाइक की टक्कर से घायल एक व्यक्ति की मौत हो गई। मामला सिंघोड़ा थाना क्षेत्र का है। पुलिस ने बताया कि नंदलाल डडसेना निवासी तिहारीपाली ने रिपोर्ट लिखाई है कि उसका भाई श्यामलाल डडसेना पिता कृष्णो डडसेना (45 वर्ष)तिहारीपाली अपनी बाइक से परसकोल से ग्राम तिहारीपाली आ रहा था। गोविंद रोड तिहारीपाली के पास पहुंचने पर पीछे से एक मोटर साइकिल के चालक ने पीछे से ठोकर मारकर एक्सीडेंट कर दिया। मेरे भाई को एक्सीडेंट से गंभीर चोट लगने पर उसे ईलाज हेतु शासकीय अस्पताल सरायपाली लेकर गये, जहां डॉक्टर द्वारा चेक करने पर उसे मृत घोषित कर दिया गया। पुलिस ने रिपोर्ट पर आरोपी वाहन चालक के खिलाफ जुर्म दर्ज किया है।

**योगदिवस : ग्राम पंचायत प्रतिनिधियों और ग्रामीणों की सहभागिता, नवप्रवेशी बच्चों का किया गया स्वागत**

# प्राथमिक शाला भेंडरी में अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के साथ मनाया गया प्रवेशोत्सव

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोपरा

छत्तीसगढ़ शासन स्कूल शिक्षा विभाग के आदेशानुसार शासकीय प्राथमिक शाला भेंडरी संकुल केंद्र लोहरसी में 21जून को 11वाँ अंतर्राष्ट्रीय योगदिवस एवं शाला प्रवेश उत्सव का आयोजन बड़े उमंग एवं उत्साह के साथ मनाया गया जिसमें ग्राम पंचायत भेण्डरी के सरपंच तुलेश्वरी लीला राम साहू, उपसरपंच ऐलूराम साहू एवं समस्त पंच गण का सक्रिय योगदान रहा।शाला प्रांगण में स्थित ज्ञान की देवी सरस्वती माता की मंदिर में पूजा अर्चना अतिथियों द्वारा किया किया।

तत्पश्चात योग शिक्षक रेखराम निषाद द्वारा योग के विभिन्न आसनों को सरलता एवं सहजता पूर्वक कराया गया साथ ही इन आसनों से होने स्वास्थ्य लाभ से भी अवगत कराया गया। ध्यान, प्राणायाम, ग्रीवाचालन, ताड़ासन, कपालभारती, अनुलोम विलोम, ब्रजासन आदि योग क्रिया कराया गया।योग हमें अपने शरीर को निरोग रखने के लिए करना चाहिए स्वास्थ्य शरीर में स्वस्थ मन का वास होता हैं। शाला प्रवेशोत्सव का आयोजन किया गया कार्यक्रम में नवप्रवेशी विद्यार्थियों को मुँह मीठा करा, तिलक लगाकर गणवेश एवं वर्कबुक वितरण किया गया।

**ये रहे उपस्थित-** कार्यक्रम में सरपंच तुलेश्वरी साहू, सरपंच प्रतिनिधि लीला राम साहू, उपसरपंच ऐलूराम साहू, अध्यक्ष भूषणलाल साहू , श्यामगिरि गोस्वामी,शिक्षक भागचंद चतुर्वेदी, लालजी सिन्हा, रेखराम निषाद, टीकूराम ध्रुव प्रदीप कुमार साहू, झम्मन पटेल,पंच गण खिलेश्वरी साहू, रेवती साहू,चित्ररेखा यादव दुर्गेश्वरी यादव, गोदावरी ध्रुव, रेखा यादव,प्रभा ध्रुव, मालती साहू,वेदलता गोस्वामी,लक्ष्मी यादव, गोदावरी साहू,पूरण लाल साहू, दयाराम साहू,गजानंद साहू,नोमेश साहू राजकुमार यादव, टेटकुराम साहू, थनेश राम साहू,शांति यादव बच्चे एवं पालक उपस्थित रहे।



**बच्चों को दिया गया न्यौता भोज**

शिक्षक टीकू राम ध्रुव द्वारा ध्रुव अपने जन्मदिन के अवसर पर बच्चों को न्यौता भोज दिया गया। न्योता भोज में खीर, पुड़ी, चांवल, दाल,आलू चना की सब्जी परोसा गया। कार्यक्रम का संचालन शिक्षक रेखराम निषाद एवं आभार व्यक्त शिक्षक लालजी सिन्हा द्वारा किया गया।

**प्रवेशोत्सव के सम्बन्ध में दी गई जानकारी**

शाला प्रवेशोत्सव के सम्बन्ध मे जानकारी देते हुए संस्था के प्रधान पाठक भागचंद चतुर्वेदी ने कहा की नवीन शिक्षा सत्र प्रारम्भ होने के साथ ही यह आयोजन इसलिये किया जाता है की नव प्रवेश लेने वाले बच्चे विद्यालय आने में किसी प्रकार का संकोच ना करे तथा विद्यालय में भी उन्हें घर जैसा खुशनुमा माहौल मिले तथा बड़े बच्चे उनसे घुल मिल सके और स्कूल आ पढ़े बर,जिनगी ल गढे बर के नारे को सार्थक कर सके और कोई भी बच्चा अप्रवेसी ना रहे। सभी बच्चे नियमित रूप से विद्यालय आवे पालकों को भी इस ओर ध्यान देना होगा । कार्यक्रम को संबोधित करते हुए सरपंच तुलेश्वरी साहू ने कहा की सभी पालक गण अपने बच्चों को घर मे भी पढ़ाई के साथ साथ संस्कार की बाते भी बताए ताकि बच्चों का सर्वांगीण विकास हो सके। पूर्व सरपंच मोहनलाल साहू ने पालकों से आह्वान करते हुए कहा कि हमारे ग्राम में स्थित स्कूल शिक्षा के क्षेत्र में अग्रणी भूमिका निर्वहन कर रहा, आप अपने बच्चों को हमारे ग्राम के स्कूल में भर्ती करवाए यहां सभी सुविधा शासन द्वारा निःशुल्क प्रदान किया जाता है। उपसरपंच ऐलूराम साहू, भूषणलाल साहू अध्यक्ष शाला प्रबंधन समिति,वरिष्ठ नागरिक श्यामगिरि गोस्वामी ने भी संबोधित कर पालकों को प्रेरित किया। तत्पश्चात संस्था के वरिष्ठ शिक्षक टीकू राम ध्रुव का जन्मदिन मनाया गया।

## भाजपा मंडल राजिम ने नवाडीह में किया योगाभ्यास

**राजिम।** अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर राजिम के नवाडीह वार्ड 15 बूथ 101 में शीतला मंदिर के पास भाजपा मंडल राजिम के कार्यकर्ताओं एवं वार्ड वासियों द्वारा योगाभ्यास किया गया। इस अवसर पर मंडल अध्यक्ष रिकेश साहू ने कहा कि योग हमारे शारीरिक, मानसिक और आत्मिक स्वास्थ्य को बेहतर बनाने में मदद करता है। योग हमें तनावमुक्त और स्वस्थ जीवन जीने का तरीका सिखाता है। योग के नियमित अभ्यास से हम अपने जीवन में सकारात्मक परिवर्तन ला सकते हैं। यह हमारे शरीर को लचीला और मजबूत बनाता है, मन को शांत और केंद्रित करता है, और आत्मा को शुद्ध और ऊर्जावान बनाता है। कहा कि हम योग को अपने दैनिक जीवन में अपनाएं और इसके लाभों को अनुभव करें। योग हमें एक स्वस्थ, सुखी और संतुष्ट जीवन जीने में मदद करेगा। जिसमें प्रमुख रूप से भाजपा के पूर्व जिलाध्यक्ष डॉ रामकुमार साहू,राजिम मंडल अध्यक्ष रिकेश साहू, महामंत्री जितेंद्र पेंदरिया, वरिष्ठ डा. महेंद्र साहू,कोषाध्यक्ष शैलेन्द्र साहू, बुथ अध्यक्ष चंद्रहासाहू, बुथ सचिव शिवकुमार साहू, रामजीवन साहू,प्रदीप जैन, पार्षद टंकु सोनकर तुलाराम आचार्य, शाला अध्यक्ष ईश्वर साहू, जिला कार्यकारिणी सदस्य लिकेश्वर साहू, मिडिया प्रभारी युवराज साहू, भागवत साहू, महेश वर्मा, प्रवीण पुष्पाकर, डिकेश शर्मा, शंकर यादव, मनोज साहू, महिला मोर्चा से मनीषा साहू, द्रय शान्ति साहू ,नोमिका साहू, कुमारी साहू, केतकी साहू के साथ अन्य भाजपा कार्यकर्ता एवं वार्डवासी उपस्थित रहे।



## एफसीसी चैंपियन क्लब ने किया योगाभ्यास

**राजिम।** एफसीसी चैंपियन क्लब के तत्वावधान में यादव धर्मशाला में अंतर्राष्ट्रीय योग का कार्यक्रम राज्य भंडार गृह निगम के अध्यक्ष चंदूलाल साहू के सानिध्य में हुआ। इस अवसर पर उन्होने कहा कि योग मानव जीवन के लिए बहुत उपयोगी है योग से स्वस्थ शरीर और आत्मा शक्ति प्रबल होता है साथ ही मनुष्य की मानसिक शक्ति और आत्मशक्ति का विकास होता है योग हर व्यक्ति को प्रतिदिन सुबह करना चाहिए। चैंपियन क्लब के अध्यक्ष रामकुमार साहू ने कहा कि योग ऋषि मुनियों के द्वारा निर्मित एक व्यायाम है जिसे करने से हर मनुष्य स्वस्थ और निरोग रहता है। कार्यक्रम में विक्रम मेघवानी, गोपाल साहू,गुलाब साहू,भानु साहू, लीलाधर सिन्हा, श्याम भैया, साधु निषाद, गिरीश साहू, भोला साहू, गोलू साहू, मोनू साहू, विकास यादव, डोगेश साहू शामिल थे।

## स्वस्थ्य जीवन के लिए करें योगः योगाचार्य

**मुड़ागांव(कोरासी)।** ग्राम पंचायत परसदाखुर्द के विद्यालय परिसर में अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। योग का शुभारंभ मां भारती के छायाचित्र पर द्वीप प्रज्वलित कर किया गया उसके बाद योगाचार्य हरीश नेताम के द्वारा मंत्रोच्चारण के साथ योगिंग जॉगिंग, सूक्ष्म अभ्यास कराया, फिर प्रोटोकॉल के अनुसार भ्रष्टिका प्र ा णा या म , कपालभाती, अनुलोम अनुविलोम, भ्रामरी प्राणायाम, नाड़ी शोधन, ध्यान का अभ्यास कराया दंडासन, भद्रासन, वज्रासन, मंडूकासन, शासकांआसान, धनुरासन, उष्ट्रासन, पवन मुक्तासन, हलासन सेतुबंध आसन, भुजंगासन, वक्रासन, सर्वांगासन, का अभ्यास के साथ साथ योग से होने वाले फायदे को बताया गया। अंत में योग ताली एवं शांति पाठ कराया गया तथा मध्यमिक शाला के प्रधान पाठक भारत दीवान के द्वारा बच्चों नियमित योग अभ्यास करने व नशापान, मोबाईल फोन से दूर रहने एवं उसके दुष्परिणाम को बताया गया। अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस को सफल बनाने ग्राम पंचायत के प्रथम नागरिक सरपंच डीगेश्वरी ठाकुर पंचगण सचिव, रोजगार सहायक, और स्कूल के शिक्षक शिक्षिकाएं एवं छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।



## पीएमश्री हरिहर उत्कृष्ट विद्यालय मनाया गया में योग दिवस

**नवापारा-राजिम।** विश्व योग दिवस के अवसर पर पीएमश्री हरिहर उत्कृष्ट विद्यालय में योग कार्यक्रम का शुभारंभ प्राचार्य दानी मैम ने करते हुए कहा कि योग केवल शारीरिक व्यायाम नहीं, बल्कि मन, शरीर और आत्मा के संतुलन का माध्यम है। यह हमें एक स्वस्थ, संयमित और अनुशासित जीवनशैली अपनाने की प्रेरणा देता है। आग्रह किया कि वे अपने दैनिक जीवन में योग को नियमित रूप से अपनाएं। इसके पश्चात योगाभ्यास की शुरूआत हल्के शारीरिक व्यायाम से हुई। विद्यार्थियों को ताड़ासन, त्रिकोणासन, वृक्षासन, भुजंगासन, प्राणायाम योग मुद्राओं का अभ्यास कराया गया। विद्यार्थियों ने पूर्ण उत्साह और मनोयोग से योग सत्र में भाग लिया। इसके बाद सभी ने 15 मिनट का ध्यान किया, जिससे उन्हें मानसिक शांति, एकाग्रता एवं संतुलन का अनुभव प्राप्त हुआ। ध्यान सत्र के उपरांत सुनील नागवानी ने छात्रों को संबोधित करते हुए ध्यान और योग के वैज्ञानिक लाभों पर प्रकाश डाला। नियमित योग और ध्यान से मानसिक स्थिरता, आत्मविश्वास तथा एकाग्रता में सुधार होता है। विद्यार्थियों को चाहिए कि वे प्रतिदिन कम से कम 15 से 20 मिनट ध्यान करें, जिससे वे न केवल पढ़ाई में बल्कि जीवन के हर क्षेत्र में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर सकें। इस आयोजन में सोमा शर्मा, महेश नेताम, बी एल अवसरीया, लता साहू, नीलम साहू, सुषमा यादव सहित स्कूल स्टॉफ मौजूद थे।



## कुलेश्वर महाविद्यालय में योगभ्यास कार्यक्रम

**नवापारा-राजिम।** श्री कुलेश्वर महादेव शासकीय महाविद्यालय में अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस कार्यक्रम की अध्यक्षता प्राचार्य डॉ. मधुरानी शुक्ला ने करते हुए कहा कि योग शारीरिक, मानसिक और आत्मिक स्वास्थ्य के लिए अत्यंत आवश्यक है। योग भारतीय संस्कृति की अमूल्य धरोहर है, जिसे अपनाकर हम संतुलित एवं सकारात्मक जीवन जी सकते हैं। संचालन प्राध्यापक सुश्री साक्षी मेश्राम ने की।

■ जीवन की चुनौतियों का सामना करने की क्षमता देता है योग

उन्होंने विद्यार्थियों, प्राध्यापकों एवं कर्मचारियों को सरल व प्रभावी योगासनों तथा प्राणायाम का अभ्यास कराया। योग सत्र में सूर्य नमस्कार, ताड़ासन, वज्रासन, भ्रामरी प्राणायाम, अनुलोम-विलोम आदि प्रमुख योग क्रियाएं कराई गईं। कहा कि योग जीवन को संतुलन, शांति और जागरूकता से जीने की कला है। यह तन, मन और आत्मा के बीच सामंजस्य स्थापित करता है। आज के तनावपूर्ण और तेज जीवन में योग न केवल मानसिक तनाव को कम करता है, बल्कि आंतरिक स्थिरता और स्पष्ट सोच भी प्रदान करता है।

**विद्यार्थियों के लिए योग महत्वपूर्ण-**विद्यार्थियों के लिए योग एक ऐसा माध्यम है, जो उन्हें मानसिक एकाग्रता, आत्म-नियंत्रण और जीवन की चुनौतियों का सामना करने की क्षमता देता है। कार्यक्रम में जनभागीदारी समिति के अध्यक्ष जीना निषाद, विधायक प्रतिनिधि राजू रजक, सहायक प्राध्यापक एस.आर. वड्डे, रमेश लहरे, सरस्वती देवी, प्रकाश जांगड़े, मोनिका साहू, पुष्पलता कँवर, नंदनी साहू, मंजू शर्मा व छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।



## योग हमारे जीवन के लिए महत्वपूर्णः रामनारायण

**राजिम।** अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर शासकीय पूर्व माध्यमिक व प्राथमिक शाला भैंसातरा में योग कार्यक्रम के मुख्य अतिथि छत्तीसगढ़ शिक्षक संघ रायपुर संभाग के अध्यक्ष रामनारायण मिश्रा ने कहा कि योग हमारे जीवन के लिए बहुत महत्वपूर्ण है निरोग और प्रसन्न रहने के लिए योग अति आवश्यक है अतः हमें न केवल 21 जून योग दिवस के अवसर पर बल्कि प्रतिदिन हमें योग अवश्य करना चाहिए ताकि हम स्वस्थ रह सके, प्रसन्न रह सके। योग शिक्षक नेमूराम साहू ने कहा कि करो योग रहो निरोग हमें निरोग रहने के लिए योग करना बहुत जरूरी है। इस अवसर पर प्राथमिक शाला के प्रधान पाठक रामकुमार साहू, रूपलाल साहू, पुरुषोत्तम साहू, दिनेश ध्रुव, इंद्र साहू, खिलावन साहू, कुसुम यादव, हेमिन साहू, एन आर साहू, नोहर साहू तथा विद्यालय के समस्त विद्यार्थी उपस्थित थे।



### योग दिवस कार्यक्रम में शामिल हुईं नपाध्यक्ष

**नवापारा-राजिम।** अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर गुलाब गार्डन में डॉ.रमेश सोनसायटी ने योगासन और प्राणायाम के शारीरिक, मानसिक तथा आध्यात्मिक लाभ के बारे में बताया। सभी ने योग के महत्व को रेखांकित करते हुए इसे दैनिक जीवन में अपनाने का संकल्प लिया। इस अवसर पर भाजपा मंडल अध्यक्ष नागेंद्र वर्मा, पालिका अध्यक्ष ओमकुमारी-संजय साहू, उपाध्यक्ष भूपेंद्र सोनी, सीएमओ प्रदीप मिश्रा, शिवकुमार गर्ग, डॉ. राजेंद्र गदिया, सहदेव कंसारी,मुकुंद मेश्राम, योगिता -डॉ के. आर. सिन्हा, धीरज साहू, मंगल सेन, परदेशीराम साहू, दयालु गाड़ा, सोन सर, राजू रजक सहित बड़ी संख्या में मौजूद थे। पालिकाध्यक्ष ओमकुमारी ने श्री सोनसायटी को शाल और श्रीफल से सम्मानित किया।



### बचपन व एचपीएस स्कूल ने साथ मिलकर मनाया योग दिवस

**नवापारा-राजिम।** एएचपीएस पटेवा में 11वें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस का आयोजन उत्साह के साथ किया गया जिसमें बचपन और एएचपीएस दोनों स्कूल के विद्यार्थी शामिल हुए। कार्यक्रम के दौरान योग के विभिन्न आसनों ,ध्यान एवं प्राणायाम का अभ्यास किया गया।संपूर्ण योगासन का अभ्यास योग शिक्षिका नमिता साहू के मार्गदर्शन में हुआ। स्कूल की प्राचार्य पल्लवी मरार ने प्रत्येक सुबह स्वयं में नई ऊर्जा के संचार हेतु प्राणायाम को अपनी दैनिक दिनचर्या में शामिल करने का आग्रह किया। योगाभ्यास के दौरान सभी शिक्षकों-शिक्षिकाओं की उपस्थिति सराहनीय रही।



**विकासखंड शिक्षा अधिकारी के प्रस्ताव पर जिला समिति ने युक्तियुक्तकरण को मंजूरी दी**

# कोपरा में शालाओं का युक्तियुक्तकरण विवादित, नियमों की धज्जियां उड़ाने का आरोप

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोपरा

वर्तमान समय में छ. ग. सरकार द्वारा शालाओं का युक्तियुक्तकरण कर 10,000 से अधिक शालाओं का समायोजन किया जा रहा है। जिसमें ऐसी शालाएं जो एक ही परिसर में संचालित है तथा एक ही स्तर के दो विद्यालय जिनके बीच की दूरी कम हो,उनका समायोजन किया जा रहा है।ऐसी शालाओं की परस्पर दूरी शहरी क्षेत्रों में 500 मीटर तथा दर्ज संख्या 30 से कम एवम् ग्रामीण क्षेत्र में दूरी 1 किलोमीटर से कम तथा दर्ज संख्या 10 से कम हो,का युक्तियुक्तकरण किया जाना है।

लेकिन फिंगेश्वर विकासखंड के ग्राम लोहरसी में दो माध्यमिक शालाओं का युक्तियुक्तकरण विकासखंड शिक्षा अधिकारी रामेंद्र जोशी द्वारा ताना शाही पूर्वक कर दिया गया है। शासकीय पूर्व माध्यमिक विद्यालय लोहरसी एवम् शासकीय पूर्व माध्यमिक विद्यालय नवीन लोहरसी के बीच की दूरी 1 किलोमीटर से अधिक है। तथा युक्तियुक्तकरण हुए शासकीय पूर्व माध्यमिक विद्यालय नवीन लोहारसी की दर्ज संख्या 43 है। नियमानुसार ग्रामीण क्षेत्र के लिए दूरी 1 किलो मीटर से कम तथा दर्ज संख्या 10 से कम होना चाहिए।फिर भी शासन के नियमो की धज्जियां उड़ाते हुए दोनों स्कूलों का युक्तियुक्तकरण कर दिया गया है।

केवल शासकीय पूर्व माध्यमिक विद्यालय नवीन लोहरसी भवन जर्जर होने के कारण कार्यालय विकासखंड शिक्षा अधिकारी फिंगेश्वर जिला गरियाबंद छ. ग.के आदेशानुसार दोनों स्कूलों का संचालन शासकीय पूर्व माध्यमिक विद्यालय लोहरसी में पिछले तीन वर्षो से हो रहा था। इसी को आधार मानकर विकास खंड शिक्षा अधिकारी रामेंद्र जोशी द्वारा स्कूलों का युक्तियुक्तकरण करने का प्रस्ताव जिला स्तरीय समिति को भेज दिया गया। इसके अतिरिक्त शासकीय पूर्व माध्यमिक विद्यालय लोहरसी और शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय लोहरसी एक ही परिसर में संचालित है। शासन के नियमानुसार इन दोनों शालाओं का युक्तियुक्तकरण होना था। इसी प्रकार शासकीय पूर्व माध्यमिक विद्यालय नवीन लोहरसी एवं शासकीय प्राथमिक शाला डिपरापारा लोहरसी एक ही परिसर में संचालित होने के कारण शासन के नियमानुसार इनका आपस में युक्तियुक्तकरण होना था।



